>

Title: Need to conduct an enquiry by a central agency into the sub-standard road construction work carried out under the Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana in Bijnore Parliamentary Constituency.

श्री मुंशी राम (बिजनौर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र जनपद बिजनौर में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जो निर्माण कार्य कराए गए हैं, वे उत्तर प्रदेश सरकार के पी.डब्ल्यू.डी द्वारा कराए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता बहुत खराब है। इसकी शिकायत मैंने वहां की अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष होने के नाते उस समिति की बैठक में भी की थी कि इसकी जांच कराई जाए। लेकिन उसकी जांच पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारियों द्वारा ही की जाती है, लिहाजा उस जांच का कोई फायदा नहीं है। मेरी मांग है कि इसकी जांच केन्द्रीय एजेंसी से कराई जाए। जनपद बिजनौर में नगीना-बढ़ापुर, नगीना-रायपुर-कोटकादर-कोटद्वार, अकबराबाद-किरतपुर, मण्डावर-बालावाली आदि मार्गों की जांच प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केन्द्रीय जांच एजेंसी से कराई जाए और जो लोग इसमें दोषी पाए जाएं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए, जिससे इस तरह के कार्यों की पुनरावृत्ति न हो।